edufy publications

नज़ारा

Grade - 3

TEACHERS RESOURCE MANUAL

Hindi
Grade 3

प्रिय अध्यापक बंधुओं ...

शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रकार के अनुसंधान हो रहे हैं और उसके अनुसार परिवर्तन भी हो रहे हैं । किसी भी समाज का भविष्य उसके बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा से परिभाषित होता है। ये बच्चे ही हैं जो किसी देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को ज़ारी रखना सुनिश्चित करते हैं। बेहतर शिक्षण और व्यवहारिक परिणामों के लिए ज्ञान के प्रसार की सीख और तरीके लगातार विकसित हो रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 (NCF 2023) के आधार पर '**नज़ारा**' पुस्तक तैयार की गयी है । एनसीएफ 2023 की शुरूआत हमारी शिक्षा प्रणाली को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस व्यापक ढांचे का उद्देश्य शिक्षा की पुनर्कल्पना करना, इसे अधिक समग्र, लचीला और छात्रों की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है ताकि वे 21वीं सदी के कौशल के स्तर तक पहुंच सकें। एनसीएफ 2023 मूलभूत शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता के महत्व पर ज़ोर देता है । यह सभी शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हुए शिक्षा के प्रति अधिक लचीले और समावेशी दृष्टिकोण का भी आह्वान करता है।

'**नज़ारा' कक्षा : 3** की पाठ्य पुस्तिका में चार इकाईयाँ है । हर एक इकाई का अलग-अलग आशय है ।इकाई के पाठ भाग विभिन्न प्रोक्तियों में है । इनसे गुज़रते हुए छात्रों को सामाजिक जीवन के लिए उपयोगी मूल्य और मनोभाव प्राप्त होना है । साथ ही साथ भाषा तत्व और व्याकरण तत्वों का भी ज्ञान हासिल करना है ।

उम्मीद है कि हर एक इकाई के पाठ भागों को आकर्षक और स्तरानुकूल गतिविधियों के ज़रिए सक्रिय बनाते हुए छात्रों को अधिगम उपलब्धियाँ प्राप्त कराने में हम कामयाब हो जाएँ ।

इसी तमन्ना के साथ...

1 खुशहाली हरियाली में

जैसा कि हम 21वीं सदी के स्वीकृति चौराहे पर खड़े हैं, यह तेजी से स्पष्ट हो गया है कि मानव गतिविधियों के पर्यावरण पर दूरगामी परिणाम हैं और यह अब बहस का विषय नहीं है कि मनुष्य अपने पर्यावरण को कैसे प्रभावित करते हैं । औद्योगीकरण के तेजी से विस्तार से लेकर पर्यावरण पर मानव आबादी के प्रभाव तक, पृथ्वी पर हमारी उपस्थिति ने अपनी छाप छोड़ी है। प्रकृति का नाजुक संतुलन जिसने सदियों से इस ग्रह पर जीवन को बनाए रखा है, अब बिगड़ गया है, क्योंकि हम पारिस्थितिकी तंत्र पर मानव प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, आवास की हानि और संसाधनों की कमी जैसे मुद्दों का सामना कर रहे हैं। पर्यावरण पर मानव प्रभाव की सीमा को सही मायने में समझने के लिए, हमें संख्याओं की जांच करने की आवश्यकता है।

आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखने में छात्रों को अवबोध कराना तथा पेड़ों के महत्व को समझते हुए प्रकृति प्रेम की भावना जगाने वाली कविता '**बड़े उपकारी है पेड़**' और पर्यावरण प्रदूषण में मानव के हस्तक्षेप को समझाने वाली कहानी **'बेबसी'**आदि इस इकाई के पाठ भाग है ।

इकाई की शुरुआत में ब्रिडज पैकेज के रूप में चित्र कहानी (पन्ना संख्या : 06) दी गयी है । पहली और दूसरी कक्षाओं से वर्ण और शब्दों का ज्ञान प्राप्त करके आने वाले छात्रों के पूर्वज्ञान को पहचानना और सुधारना इसका उददेश्य है । पन्ना सख्या : 20 में दी गई बातें भी इसी लक्ष्य से हैं । नारे तैयार करना,समान अर्थवाले शब्द, विलोम शब्द, वर्तनी आदि पहचानना जैसे कुछ भाषा-परक कार्य भी इस इकाई में शामिल है ।

प्रोक्ति - चित्र कहानी

गतिविधि 1 - चित्र कहानी का वाचन
समय : 01 कालांश
प्रक्रिया :-
अनौपचारिक संवाद :
आप कहें :

- प्यारे बच्चों, सबको मेरा प्यार भरा नमस्कार ।
- कैसे हैं आप? सब खुश है ना?
- सबको नए स्कूल वर्ष की शुभकामनाएँ ।
- बच्चों, नए शैक्षिक साल में आपके हाथों में नई-नई किताबें है ।
- हमारी नई हिंदी किताब का नाम है 'नज़ारा' । इसमें आपका पसंदीदा
- कहानी,कविता,बालगीत सब कुछ है ।
- सबको कहानी पसंद है ना? तो आईए आज हम एक चित्र कहानी का वाचन करेंगे । पन्ना संख्या 06 लें ।

(चित्र कहानी को स्लाइड में दिखायें ।)
बच्चों को चित्र दिखाकर बातचीत के लिए प्रेरित करें।
सभी चित्र दिखाकर बातचीत करें।
अंत में पूरी कहानी सुनाएँ।
छात्रों से कहानी का मौखिक अभ्यास कराएँ।

चित्रों के शब्द जोड़कर कहानी का वाचन करें। (पन्ना संख्या 07)
चित्रों के शब्द जोड़कर कहानी पूरा करके लिखें। उचित शीर्षक भी लिखें।
(अगले कालांश में किताब में लिखकर आने का निर्देश दें ।)

अधिगम उपलब्धियाँ

- चित्र देखकर शब्द पहचानता है।
- चित्रों का आशय ग्रहण करता है।
- चित्र देखकर बातचीत का मौखिक अभ्यास करता है।
- कहानी सुनकर समझता है।
- कहानी का मौखिक अभ्यास करता है।
- चित्रों के शब्द जोड़कर कहानी पूरा करके लिखता है।
- शीर्षक लिखता है।

प्रोक्ति - चित्र कहानी

गतिविधि 2 - चित्र कहानी का वाचन
समय : 01 कालांश
प्रक्रिया :-
पिछले दिन की कबूतर की कहानी को छात्रों से प्रस्तुत करवायें ।

पृष्ठ संख्या 8 की कहानी को स्लाईड पर प्रस्तुत करें और कहें :
बच्चों, आज हम एक दूसरी कहानी सुनेंगे ।

छात्रों को कहानी सुनाएं और पृष्ठ संख्या 8 के सवाल पूछते हुए आशय समझने का मौका दें ।
पृष्ठ संख्या 09 में दी गई 'सोचें और लिखें' के सवाल पूछते हुए चर्चा चलाएं और समझाएं कि पौधे को अनोखा उपहार के रूप में मिलने का महत्व क्या है?
बच्चों को अपने अनुभव प्रस्तुत करने का आवसर दें ।
कहानी के लिए उचित शीर्षक देखकर लिखने का निर्देश दें । (अनुबंध कार्य)

संक्षिप्तीकरण :

जन्मदिन के अवसर पर दोस्तों ने कई प्रकार के उपहार दिए होंगे । जैसे : मिठाइयां,खिलौने,कपड़े,कलम,गुड़िया आदि । लेकिन पौधे को उपहार के रूप में देना इन सबसे बेहतर है । पौधों को लगाकर हम पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते हैं । इसलिए पौधा एक अनोखा उपहार है ।

अधिगम उपलब्धियाँ:

- चित्र देखकर आशय पहचानता है।
- चित्रों के नीचे दिए विवरण से कहानी समझता है।
- उचित शीर्षक देता है।
- कहानी लिखता है।

1. बड़े उपकारी हैं पेड़

प्रोक्ति - कविता

गतिविधि 3 - कविता का वाचन करके आशय समझना ।
समय : 01 कालांश
प्रक्रिया :-
आप कहें ।

- बच्चों, रोहन के जन्मदिन की कहानी से हम समझ चुके हैं कि पौधे हमारे लिए अनोखे उपहार है ।
- आज हम पेड़ों के महत्व के बारें में एक वीडियो देखेंगे ।

(यूट्यूब से वीडियो डाउनलोड करके दिखाएँ ।)
वीडियो की प्रस्तुति के बाद छात्रों से पेड़ों के महत्व के बारे में चर्चा चलाएँ ।
पृष्ठ संख्या 5 का चित्र दिखाएँ और चित्र वाचन करने का निर्देश दें । पूछें –

- चित्र में क्या-क्या है?

छात्रों की ओर से संभावित उत्तर - गाँव,खेत,घर, गाय, चिड़िया,पेड़-पौधे ,सड़क,नदी मछलियां,कारखाना ....
आप बताएँ -

- सुंदर गाँव की स्वच्छता कैसे नष्ट हो रही है?

पृष्ठ संख्या 10 का चित्र दिखाएँ और पूछें –

- क्या तुमने कभी किसी पेड़ को गले लगाया है?

छात्रों को प्रतिक्रिया प्रकट करने का अवसर दें ।
संक्षिप्तीकरण करते हुए बताएँ –
हम अपनी माँ को गले लगाते हैं ना..., मां हमारे लिए बहुत प्यारी है । पेड़ भी
माँ के समान है ।
आज हम पेड़ों के महत्व के बारे में लिखी गई एक कविता पढ़ेंगे । कविता का
शीर्षक है – 1.बड़े उपकारी हैं पेड़ ।

ज़रा कविता पढ़कर देखें । (पहली चार पंक्तियां)
बड़े उपकारी हैं पेड़
माँ समान हैं पेड़।
कितने सुन्दर लगते हैं पेड़,
अपने फल न खाते पेड़।

वाचन प्रक्रिया चलाएँ ।
वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।
आशय की स्पष्टता के लिए आप विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।

- पेड़ किसके समान है?
- 'अपने फल न खाते पेड़ ।' इससे क्या तात्पर्य है?

आप एक बार कविता का आलाप करके सुनाएँ ।

संक्षिप्तीकरण करते हुए कहें –

पेड़ हमारे लिए बड़े उपकारी हैं । वे माँ के समान है । पेड़ अपने फल कभी नहीं खाते हैं । वे दूसरों के लिए फूलते और फलते हैं । माँ के समान उनका जीवन भी त्याग पूर्ण है ।

अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

- पेड़ किसके समान है?
- 'अपने फल न खाते पेड़ ।' इससे क्या तात्पर्य है?

प्रोक्ति – कविता :

1. बड़े उपकारी हैं पेड़ (अंतिम आठ पंक्तियाँ)
गतिविधि 4 - कविता का वाचन करके आशय समझना ।
समय : 02 कालांश
प्रक्रिया :-
अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।
आप कहें :
आज हम कविता की अंतिम आठ पंक्तियों से गुजरेंगे ।

वाचन प्रक्रिया ज़ारी रखें । (अंतिम आठ पंक्तियां)

आम अमरूद सेब नारंगी,
फलों की खान है पेड़।
पत्थर भी जब खाते हैं पेड़
बदले में फल देते हैं पेड़।

प्रकृति का वरदान है पेड़,
प्राणवायु के खजाने हैं पेड़ ।
हरियाली करते हैं पेड़,
प्रकृति का प्रदूषण हटाते हैं पेड़ ।

- वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
- दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।
- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 12 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।
- आशय की स्पष्टता के लिए आप विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।
- 'पत्थर भी जब खाते हैं पेड़'- इसका तात्पर्य क्या है?
- पेड़ क्या हटाते हैं?
- (आप एक बार कविता का आलाप करके सुनाएँ ।)

कविता के आशय पर चर्चा और संक्षिप्तीकरण ।

पेड़ फलों की खान है । पेड़ पत्थर खाने पर भी बदले में मीठे फल देते हैं । सचमुच पेड़ प्रकृति का वरदान है, वे प्राण वायु के खजाने हैं । पेड़ हरियाली फैलाकर प्रकृति का प्रदूषण हटाते हैं ।
पेड़ फल देते हैं,प्राण वायु प्रदान करते हैं,हरियाली फैलाते हैं,प्रकृति का प्रदूषण हटाते हैं । इसलिए पेड़ बड़े उपकारी हैं ।

अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

- 'पत्थर भी जब खाते हैं पेड़'- इसका तात्पर्य क्या है?
- पेड़ क्या हटाते हैं?

पृष्ठ संख्या 12 के सोचें और बताएं, सोचें और लिखें, पृष्ठ संख्या 13 के पंक्तियों का आशय लिखें आदि तैयार करके आने का निर्देश दें ।

अधिगम उपलब्धियाँ:

- कविता पढ़कर आशय समझना ।
- कविता का विश्लेषण करना ।
- कविता के पंक्तियों का आशय लिखना ।
- प्रकृति में पेड़ों का महत्व समझना ।

प्रोक्ति – बालगीत
गतिविधि 5 – बालगीत का वाचन करके आशय समझना और नारे तैयार करना ।
समय : 01 कालांश
प्रक्रिया :-
अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।
पृष्ठ संख्या 13 के बाल गीत के वाचन करने का निर्देश दें । दलों में ताल-लय के साथ आलाप करवायें ।

आओ बच्चो.....
जल, वायु का संरक्षण करें
जल नहीं तो कल नहीं
वायु नहीं तो हम नहीं।
आनेवाली पीढ़ी के लिए
पर्यावरण को बचाएँ।
पेड़ है पर्यावरण का एक अमूल्य वरदान
पेड़-पौधे लगाएँ हज़ार
निभाए प्रकृति के प्रति
अपनी ज़िम्मेदारी

पंक्तियों का आशय समझ कर नारे (Slogans) तैयार करने का निर्देश दें ।
(पृष्ठ संख्या 14)

- तैयार किए गए नारों को दल में परिमार्जन करके प्रस्तुत करें । स्वयं मूल्यांकन का अवसर दें । आपसी मूल्यांकन और अध्यापक का मूल्यांकन भी हो ।

अधिगम उपलब्धियाँ:

- बालगीत सुन-पढ़कर आशय समझता है
- आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखता है।
- पंक्तियों का आशय लिखता है।
- नारे लिखता है।

2.बेबसी

प्रोक्ति – कहानी :

गतिविधि 6 – कहानी का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना।

समय : 01 कालांश

प्रक्रिया :-

बच्चों आज हम एक चिड़िया की कहानी का शॉर्ट फिल्म देखेंगे ।
प्रवेश प्रक्रिया के रूप में शॉर्ट फिल्म प्रस्तुत करें ।
आप पूछें -

चिड़िया जंगल में कहाँ रहती थी?
उसका घोंसला और बच्चे कैसे नष्ट हो गए?
छात्रों को अपनी-अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करने का अवसर दें ।
पृष्ठ संख्या 15 का चित्र वाचन कराएँ और चर्चा चलाएँ ।

आज हम एक कहानी पढ़ेंगे – **बेबसी**

वाचन प्रक्रिया चलाएँ । **(एक थी चिड़िया।..... पानी की एक बूंद भी वह पी नहीं पाई।)**

वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 18 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।
- आप कहानी का वाचन करके सुनाएं ।
- आशय की स्पष्टता के लिए आप पूरे दलों से विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।
  - जंगल में क्या काम चल रहा था?
  - चिड़िया क्यों हैरान होकर इधर-उधर घूमने लगी?
  - चिड़िया क्यों नदी के किनारे पहुँची थी?
  - नदी का पानी कैसा था?

प्रश्नों के ज़रिए चर्चा चलाएँ । चर्चा के बाद आप ही कहानी के इस अंश का और एक बार वाचन कर सुनाएँ । वाचन में हाव-भाव,उतार-चढ़ाव, बालाघात आदि पर ध्यान रखें । आवश्यक व्याख्या के साथ संक्षिप्तीकरण दें ।

अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

- जंगल में क्या काम चल रहा था?
- चिड़िया क्यों हैरान होकर इधर-उधर घूमने लगी?
- चिड़िया क्यों नदी के किनारे पहुँची थी?
- नदी का पानी कैसा था?

प्रोक्ति – कहानी : 2.बेबसी (ज़ारी)

गतिविधि 7 – कहानी का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।

समय : 01 कालांश

प्रक्रिया :-

अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।
आप कहें :

बच्चों, पिछले दिन हमने देखा कि 'बेबसी' कहानी की चिड़िया के बच्चों का कोई पता नहीं था और वह हैरान होकर , प्यास से पानी की तलाश में नदी के किनारे पहुंची थी । लेकिन नदी का विषैला बदबूदार पानी वह पी नहीं पाई ।

अब हम कहानी के बाकी भाग से गुजरेंगे । देखें चिड़िया को क्या हुआ होगा?
वाचन प्रक्रिया चलाएँ । (फिर वह उदास होकर..... इस धरती को प्रदूषण से बेहाल कर दिया है।)
वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 18 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।
- आप कहानी का वाचन करके सुनाएं ।
- आशय की स्पष्टता के लिए आप पूरे दलों से विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।
- चिड़िया ईश्वर से क्या पूछ रही थी?
- खुद को समझदार समझनेवाला' ऐसा किसके बारे में कहा गया है? क्यों?
- राक्षस के अनुसार किसने धरती को बेहाल कर दिया है?

प्रश्नों के ज़रिए चर्चा चलाएँ । चर्चा के बाद आप ही कहानी के इस अंश का और एक बार वाचन कर सुनाएँ । वाचन में हाव-भाव,उतार-चढ़ाव, बालाघात आदि पर ध्यान रखें । आवश्यक व्याख्या के साथ संक्षिप्तीकरण दें ।

अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

- चिड़िया ईश्वर से क्या पूछ रही थी?
- 'खुद को समझदार समझनेवाला' ऐसा किसके बारे में कहा गया है? क्यों?
- राक्षस के अनुसार किसने धरती को बेहाल कर दिया है?

प्रोक्ति – कहानी : 2.बेबसी (ज़ारी)

गतिविधि 8 – कहानी का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।

समय : 01 कालांश

प्रक्रिया :-

अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।

आप कहें :

बच्चों, हमने देखा कि चिड़िया उदास होकर आसमान की तरफ देखते हुए ईश्वर से प्रार्थना कर रही थी । तब आसमान में एक भयानक ज़ोरदार आवाज के साथ काले बादल छा गए और उनमें एक का मुख रक्षा के जैसे दिखने लगा । वह राक्षस चिड़िया से बोला कि ईश्वर ने इस धरती को खूबसूरती से बनाया है । लेकिन इसे प्रदूषण से बेहाल कर देने में ईश्वर का कोई कसूर नहीं है । ये तो खुद को समझदार समझनेवाले इंसानों की बेवकूफ़ी का नतीजा है ।

आज हम इस कहानी के अंतिम भाग से गुजरेंगे । देखें कि कहानी में आगे क्या हुआ होगा?

वाचन प्रक्रिया चलाएँ । (चिड़िया डरकर बोली..... चिड़िया ने प्राण त्याग दिए।)

वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ । दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 18 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।
- आप कहानी का वाचन करके सुनाएं ।

आशय की स्पष्टता के लिए आप पूरे दलों से विश्लेषणात्मक प्रश्न करें।

- चिड़िया को क्यों दम घुट रहा था?
- इनसान कैसे प्रदूषण बढ़ा रहा है?
- 'विनाशकारी काले धुएँ की ताकत को मनुष्य बढ़ा रहा है ।' इसके संबंध में आपका विचार प्रकट करें ।

प्रश्नों के ज़रिए चर्चा चलाएँ । चर्चा के बाद आप ही कहानी के इस अंश का और एक बार वाचन कर सुनाएँ । वाचन में हाव-भाव,उतार-चढ़ाव, बालाघात आदि पर ध्यान रखें । आवश्यक व्याख्या के साथ संक्षिप्तीकरण दें ।

संक्षिप्तीकरण करते हुए पूरी कहानी की घटनाओं को छात्रों के सम्मुख प्रस्तुत करें ।

संक्षिप्तीकरण :

'बेबसी' कहानी की चिड़िया के बच्चों का कोई पता नहीं था और वह हैरान होकर , प्यास से पानी की तलाश में नदी के किनारे पहुंची थी । लेकिन नदी का विषैला बदबूदार पानी वह पी नहीं पाई ।

चिड़िया उदास होकर आसमान की तरफ देखते हुए ईश्वर से प्रार्थना कर रही थी । तब आसमान में एक भयानक ज़ोरदार आवाज के साथ काले बादल छा गए और उनमें एक का मुख राक्षस के जैसे दिखने लगा । वह राक्षस चिड़िया से बोला कि ईश्वर ने इस धरती को खूबसूरती से बनाया है । लेकिन इसे प्रदूषण से बेहाल कर देने में ईश्वर का कोई कसूर नहीं है । ये तो खुद को समझदार समझने वाले इंसानों की बेवकूफ़ी का नतीजा है ।

मानव ने ही पेड़-पौधे काटकर और प्रदूषण फैलाकर इस धरती का बेहाल कर दिया है । कारखानों के विषैले वायु से सारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है ।

हमें और आने वाली पीढ़ी के लिए इस धरती को बचाना हमारा कर्तव्य है ।

बच्चों, इस कहानी के ज़रिए हम समझ सकते हैं कि पेड़-पौधे ना काटकर इस पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएँ । पेड़ पौधे लगाएँ ।प्रदूषण रोकने का काम करें ।

पूरी कहानी की घटनाओं को पेश करने का मौका दो-तीन छात्रों को दें ।

आप चार्ट / स्लाइड/ पट के ज़रिए निम्नांकित कार्य मौखिक रूप से पेश करें । छात्रों से अपनी पुस्तिका में उत्तर लिखवाएँ ।

कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें ।

- आसमान में काले बादल छा गए और उनमें एक मुख-सा रूप-सा लगा।
- राक्षस के इस गर्जन के बीच चिड़िया ने प्राण त्याग दिए।
- पानी की तलाश में चिड़िया नदी के किनारे पहुँची।
- चिड़िया शहर के बाहर जंगल में बच्चों के साथ रहती थी।
- विषैला बदबूदार पानी की एक बूंद भी चिड़िया पी नहीं पाई।
- एक भयानक ज़ोरदार आवाज़ हुई।

अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

- चिड़िया को क्यों दम घुट रहा था?
- इनसान कैसे प्रदूषण बढ़ा रहा है?
- 'विनाशकारी काले धुएँ की ताकत को मनुष्य बढ़ा रहा है ।' इसके संबंध में आपका विचार प्रकट करें ।

प्रोक्ति – कहानी : 2.बेबसी (ज़ारी)

गतिविधि 9 – कहानी का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।

समय : 01 कालांश

प्रक्रिया :-
अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।
आप कहें :
बच्चों, पृष्ठ संख्या 18 लें । प्रश्नों को पढ़ें और उत्तरों को दल में चर्चा करके लिखें ।

- सोचें और बताएँ ।
  1)चिड़िया कहाँ रहती थी?
  [गांव में, जंगल में, शहर में]

  2)चिड़िया नदी के किनारे क्यों पहुँची थी?
  [बच्चों की तलाश में, खाना-चारे की तलाश में, पानी की तलाश में]

  3)आसमान में क्या छा गए थे?
  [काले बादल, सफेद बादल, लाल बादल]

- सोचें और लिखें ।
  1)चिड़िया हैरान होकर इधर-उधर घूमने लगी। क्यों?
  2)चिड़िया ने नदी का पानी क्यों नहीं पिया?
  3)काला धुआँ क्या है? कैसे बनता है?
  हर एक दल से एक-एक प्रस्तुति । आप आवश्यक सुधार का निर्देश दें । आवश्यक हो तो उत्तरों को पट पर लिखकर दें ।

अनुबद्ध कार्य : पृष्ठ संख्या 19 के अभ्यास कार्य करवाएँ ।
समान अर्थवाले शब्द के जोड़े बनाएँ ।
विलोम शब्द पहचानें।

प्रोक्ति – कहानी : 2.बेबसी (ज़ारी)

गतिविधि 10 – पहली और दूसरी कक्षाओं से प्राप्त वर्णमाला संबंधी जानकारी को ताज़ा करना तथा सही शब्द पहचानना ।

समय : 01 कालांश
प्रक्रिया :-
अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।
आप कहें :
बच्चों, पिछली कक्षाओं में आप जान चुके होंगे कि हिंदी वर्णमाला में **स्वर,व्यंजन** और **संयुक्त व्यंजन** - ये तीन प्रकार के वर्ण शामिल है । अब हम उनके बारे में और एक बार फिर चर्चा करेंगे ।

पृष्ठ संख्या 20 लें ।
हर एक की चर्चा करते हुए अभ्यास कार्य करवाएँ । अगर किसी छात्र को वर्णमाला संबंधी सही जानकारी नहीं है,तो उनको आवश्यक निर्देश दें ।

पृष्ठ संख्या 21 का मात्रा वाले शब्दों का परिचय और सही शब्द पहचानकर निशाना लगाने का कार्य वैयक्तिक रूप से करवाएँ ।आवश्यक निर्देश भी दें ।

अनुबद्ध कार्य : पृष्ठ संख्या 22 - अपनी ओर से कुछ कर दिखाएँ ।
बच्चों, हमारे स्कूल के आसपास कई पेड़-पौधे हैं । उनको पहचानें और उनके नाम हिंदी में लिखकर पेड़ों पर चिपकाएँ ।
(आपकी ओर से आवश्यक मदद दें ।)

ध्यान दें कि पाठ्य पुस्तक में दिए गए (पृष्ठ संख्या 22) पेड़ों का चित्र केवल नमूना है । स्कूल के आसपास के पेड़ों का नाम ढूंढ निकाले और उनके नाम लिखने का निर्देश दें ।

2 बड़ा नाम करेगा

इस इकाई में तीन पाठ है । छात्रों को कई प्रकार के पेशों से परिचित कराना तथा समाज सेवा की ओर ध्यान आकृष्ट कराना इस इकाई के पाठ भागों का लक्ष्य है ।

प्रोक्ति - चित्र वाचन

गतिविधि 1 - चित्र वाचन
समय : 02 कालांश
गतिविधियाँ: कक्षा की शुरुआत एक सरल वार्तालाप से करें ।
पृष्ठ संख्या 23 का चित्र दिखाएँ और चित्र वाचन करने का निर्देश दें ।
पूछें - बच्चा बड़ा होकर क्या बनना चाहता है?
चित्र के पेशों का नाम बताएँ ।
संभावित उत्तर : - डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, डाकिया, सैनिक और पुलिस ।

पृष्ठ संख्या 24 का चित्र दिखाएँ और चित्र वाचन करने का निर्देश दें ।
चित्रों को पहचान कर उनके नाम लिखने का निर्देश दें ।

1. वार्म-अप चर्चा:

- बच्चों से पूछें कि क्या उन्होंने कभी अस्पताल का दौरा किया है और उनका अनुभव कैसा रहा।
- बच्चों से पूछें कि उन्हें डॉक्टर, नर्स और सफाई कर्मियों का क्या काम लगता है।

2. चित्र परिचय:

- विभिन्न प्रकार के अस्पतालों, डॉक्टरों, नर्सों, और सफाई कर्मियों के चित्र दिखाएँ।
- प्रत्येक चित्र पर चर्चा करें कि वे लोग क्या कर रहे हैं और उनका कार्य क्यों महत्वपूर्ण है।

3. कहानी सुनाना:

- एक कहानी सुनाएँ जिसमें एक बच्चा बीमार होता है और अस्पताल में डॉक्टर और नर्स की मदद से ठीक हो जाता है।
- कहानी के अंत में बच्चों से पूछें कि उन्होंने कहानी से क्या सीखा।

4. रोल प्ले (भूमिका निभाना):

- बच्चों को छोटे-छोटे दलों में बाँटें और उन्हें डॉक्टर, नर्स, मरीज, और सफाई कर्मी की भूमिका निभाने के लिए कहें।
- इस गतिविधि से बच्चे अस्पताल में काम करने वाले लोगों की जिम्मेदारियों को समझेंगे।

5. चित्रकारी और शिल्प:

- बच्चों से एक अस्पताल का चित्र बनाने के लिए कहें और उन्हें रंगीन कागज और अन्य शिल्प सामग्री का उपयोग करने दें।
- उनके चित्रों में डॉक्टर, नर्स, मरीज, और अस्पताल के अन्य हिस्सों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करें।

6. चिकित्सा उपकरण परिचय:

- कुछ सामान्य चिकित्सा उपकरण जैसे स्टेथोस्कोप, थर्मामीटर, पट्टियाँ आदि का परिचय दें।
- बच्चों को इन उपकरणों को देखने और छूने का मौका दें।

प्रोक्ति - लघु लेख – 1.आओ हम स्वस्थ बनें

गतिविधि 2 - लघु लेख का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।
समय : 01 कालांश
प्रक्रिया:
आज हम अस्पताल और डॉक्टर के बारे में एक लघु लेख पढ़ेंगे ।
वाचन प्रक्रिया चलाएँ । (**अंग्रेज़ी के हॉस्पिटल शब्द को ..... कई नई समस्याएँ उत्पन्न होंगी।**)
वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 27 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।

- आप लघु लेख का वाचन करके सुनाएं ।
- आशय की स्पष्टता के लिए आप पूरे दलों से विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।
- प्रश्नों के ज़रिए चर्चा चलाएँ । चर्चा के बाद आप ही लेख के इस अंश का और एक बार वाचन कर सुनाएँ । वाचन में हाव-भाव,उतार-चढ़ाव, बालाघात आदि पर ध्यान रखें । आवश्यक व्याख्या के साथ संक्षिप्तीकरण दें ।
- **अनुबद्ध कार्य :** विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

प्रोक्ति - लघु लेख – 1.आओ हम स्वस्थ बनें (ज़ारी)

गतिविधि 3 - लघु लेख का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।

समय : 01 कालांश

प्रक्रिया:

अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।

वाचन प्रक्रिया चलाएँ । (मानव इतिहास से ही चिकित्सा हमारे जीवन ..... मानव जीवन घोर संकट में पड़ सकता है।)

वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।

दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 27 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।
- आप लघु लेख का वाचन करके सुनाएं ।
- आशय की स्पष्टता के लिए आप पूरे दलों से विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।
- प्रश्नों के ज़रिए चर्चा चलाएँ । चर्चा के बाद आप ही लेख के इस अंश का और एक बार वाचन कर सुनाएँ । वाचन में हाव-भाव,उतार-चढ़ाव, बालाघात आदि पर ध्यान रखें ।
- **दलों में चर्चा:**

दलों में अस्पताल के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए कहें जैसे कि राजकीय और निजी अस्पताल, डॉक्टर और नर्स की भूमिका आदि।

आवश्यक व्याख्या के साथ संक्षिप्तीकरण दें ।

अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ ।

प्रोक्ति - लघु लेख – 1.आओ हम स्वस्थ बनें (ज़ारी)

गतिविधि 4 - लघु लेख का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।

समय : 02 कालांश

प्रक्रिया

अनुबद्ध कार्य की जांच करें और सुधार करें ।

वाचन प्रक्रिया चलाएँ । (आज की इक्कीसवीं सदी में चिकित्सा ..... कल्याणकारी समाज बना सकते हैं।)

वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।

दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- आशय समझने के लिए पृष्ठ संख्या 27 के शब्दकोश की मदद लेने को कहें ।
- आप लघु लेख का वाचन करके सुनाएं ।
- आशय की स्पष्टता के लिए आप पूरे दलों से विश्लेषणात्मक प्रश्न करें ।
- प्रश्नों के ज़रिए चर्चा चलाएँ । चर्चा के बाद आप ही लेख के इस अंश का और एक बार वाचन कर सुनाएँ । वाचन में हाव-भाव,उतार-चढ़ाव, बालाघात आदि पर ध्यान रखें ।
- **सवाल-जवाब सत्र:**
  - बच्चों को उत्साहित करने के लिए उनके सवालों के जवाब दें।
  - बच्चों से प्रश्न पूछें जैसे कि "डॉक्टर क्या करते हैं?", "अस्पताल में कौन-कौन काम करता है?", "हम क्यों अस्पताल जाते हैं?" आदि।

वीडियो क्लिप:

- बच्चों को एक छोटा वीडियो क्लिप दिखाएँ जिसमें अस्पताल का वातावरण और वहाँ के कर्मचारियों का काम दिखाया गया हो।

प्रदर्शन:

बच्चों को अस्पताल की छोटी यात्रा पर ले जाएँ (अगर संभव हो) या फिर एक स्वास्थ्यकर्मी को कक्षा में आमंत्रित करें ताकि वे बच्चों को उनके कार्य के बारे में बता सकें।

प्रश्नावली:

- बच्चों को अस्पताल और उसमें काम करने वाले लोगों के बारे में छोटे-छोटे सवालों का उत्तर देने के लिए प्रश्नावली दें।

पृष्ठ संख्या 27 और 28 के प्रश्नों के उत्तर लिखकर दें ।

गतिविधि 5 -
समय : 01 कालांश
प्रक्रिया :

पृष्ठ संख्या 28 के एक सफल डॉक्टर की विशेषताओं से पदसूर्य की पूर्ति करवाएँ । छात्रों को आवश्यक मदद दें ।
जैसे :-
कर्मनिष्ठ
ईमानदार
प्यार भरा व्यवहार
मरीजों के प्रति सहानुभूति
मरीजों की तकलीफों को समझना
समर्पण भावना
हरएक चित्रों को पहचानकर पेशों का नाम लिखवायें ।
समानार्थक एक शब्द लिखें- (पृष्ठ संख्या 29)
बड़े होकर वे क्या बनना चाहते हैं ? बच्चों को लिखने के लिए प्रोत्साहित करें ।
(पृष्ठ संख्या 29)
वाक्य में सर्वनाम 'मैं' का प्रयोग पहचानने केलिए दिए गए वाक्यों को लिखने का निर्देश दें ।(पृष्ठ संख्या 30)

डाकिया, किसान, शिक्षक इनमें से किसी एक के बारे में पाँच वाक्य लिखवाएँ । आवश्यक मदद दें ।(पृष्ठ संख्या 30)

अधिगम उपलब्धियाँ

- चित्रों का आशय ग्रहण करता है।
- चित्र पहचानकर शब्द लिखता है।
- लघु लेख पढ़कर आशय समझता है ।
- पदसूर्य पूरा करता है ।
- चित्र पहचानकर पेशों के नाम लिखता है ।
- समानार्थक एक शब्द लिखता है ।
- अपनी अभिलाषा के बारे में लिखता है ।
- 'मैं' सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य लिखता है ।
- किसी एक पेशे के बारे में पाँच वाक्य लिखना है ।

2.डॉ. सर्वप्पल्ली राधाकृष्णन

गतिविधि -
समय : 03 कालांश
प्रक्रिया :

डॉ. सर्वप्पल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षाविद और विचारक थे जिन्होंने शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन और विचार शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी जीवन यात्रा और उनके विचारों को कक्षा में साझा करना तीसरी कक्षा के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव हो सकता है।

गतिविधि : जीवनी का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।
वाचन प्रक्रिया चलाएँ ।
वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

- अनुबद्ध कार्य : विश्लेषणात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखकर आएँ।
  - प्रक्रियाएँ: शिक्षक डॉ. राधाकृष्णन के जीवन की संक्षिप्त रूपरेखा देंगे, उनकी शिक्षा, उनके अध्यापन करियर, और उनके राष्ट्रपति बनने तक के सफर के बारे में बताएंगे। इस दौरान, छात्रों को चित्र या स्लाइड शो दिखाया जा सकता है ताकि वे उनके जीवन की घटनाओं को बेहतर तरीके से समझ सकें।
- छात्रों को उनके विचार और प्रश्न साझा करने का मौका दें।
- शिक्षक उनके उत्तरों को सुनकर, और यदि आवश्यक हो, तो सुधार कर सकते है

सारांश और निष्कर्ष:

- प्रक्रियाएँ:
- शिक्षक, डॉ. राधाकृष्णन के मुख्य बिंदुओं का पुनरावलोकन करेंगे, जैसे उनका योगदान, उनके विचार, और उनका शिक्षण दर्शन।
- छात्रों को उन उद्धरणों का अर्थ समझाने के लिए कहें जो पाठ भाग में चर्चा किए गए थे, जैसे "जब हम सोचते हैं कि हम जानते हैं तो हम सीखना बंद कर देते हैं।" और "किताबें वह साधन है जिनके द्वारा हम संस्कृतियों के बीच पुल बनाते हैं।"

पृष्ठ संख्या 34 के शिक्षक दिवस के संदेशों को प्रस्तुत करें ।

पृष्ठ संख्या 35 नमूने के अनुसार छात्रों से शिक्षक दिवस का संदेश देते हुए पोस्टर और बधाई कार्ड तैयार करवाएँ ।

छात्रों को डॉक्टर राधाकृष्णन जी के बारे में ज़्यादा जानकारी प्राप्त करके भाषण तैयार करने तथा कक्षा में प्रस्तुत करने का मौका दें । अध्यापक आवश्यक सुधार करें ।

भाषण एक नमूना दिया गया है।

प्यारे दोस्तों,
आज मैं आपको एक बहुत ही महान व्यक्ति के बारे में बताने जा रहा हूँ, जिनका नाम है डॉ. सर्वप्पल्ली राधाकृष्णन। आप सभी ने सुना होगा कि कुछ लोग इस दुनिया से जाने के बाद भी हमारे दिलों में जिंदा रहते हैं, और डॉ. राधाकृष्णन ऐसे ही एक व्यक्ति थे।

डॉ. राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। लेकिन उन्हें उनके बड़े पदों से भी ज्यादा उनकी असाधारण शिक्षण क्षमताओं के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपना करियर मद्रास प्रसीडेंसी कॉलेज में शिक्षक के रूप में शुरू किया और फिर देश के कई बड़े विश्वविद्यालयों में पढ़ाया। वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे।

डॉ. राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के तिरुतनी गाँव में 5 सितंबर 1888 को हुआ था। उन्हें बचपन से ही किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। उनकी पढ़ाई-लिखाई लुथर्न मिशन स्कूल और मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज में हुई। उनके नाम में "सर्वप्पल्ली" शब्द उनके पूर्वजों के गाँव के नाम से आया था।

भारत की आजादी के बाद, उन्हें संविधान बनाने वाली समिति का सदस्य बनाया गया। शिक्षा और राजनीति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान, "भारत रत्न" से भी नवाजा गया।

डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था कि वे अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने पर बहुत खुश होंगे। इसलिए, उनके सम्मान में हर साल 5 सितंबर को हम शिक्षक दिवस मनाते हैं।

उन्होंने अपना जीवन शिक्षा और ज्ञान को बढ़ाने में लगा दिया। उनका एक बहुत ही सुंदर उद्धरण है, "जब हम सोचते हैं कि हम जानते हैं, तो हम सीखना बंद कर देते हैं।" यह हमें बताता है कि हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए।

डॉ. राधाकृष्णन का 17 अप्रैल 1975 को निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और उनका योगदान हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगा।

तो, बच्चों, हमेशा याद रखें कि किताबें हमारे सबसे अच्छे दोस्त होते हैं और हमें हमेशा कुछ नया सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए।

धन्यवाद!

3.हमारे सहयोगी

गतिविधि : कविता का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।
वाचन प्रक्रिया चलाएँ ।
वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।
दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

परिचय
यह कविता विभिन्न पेशों और उनकी महत्ता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बहुत ही उपयुक्त है। बच्चों को इन पेशों के बारे में जानकारी देना और उन्हें पहचानने की क्षमता विकसित करना, उनके ज्ञान के विस्तार और समाज के प्रति उनके सम्मान को बढ़ावा देगा।

गतिविधियाँ तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बनाई गई हैं, जो सरल और आनंददायक हैं।

गतिविधियाँ :

कक्षा को निम्नलिखित प्रक्रियाओं से रोचक बनाने की कोशिश करें ।

1. पेशों की पहचान
सामग्री: कविता की पंक्तियाँ, चित्रों की फ्लैशकार्ड्स (जैसे किसान, डाकिया, कुम्हार, डॉक्टर, हलवाई, बढ़ई)
प्रक्रिया:
विद्यार्थियों को कविता की पंक्तियों को पढ़ने के लिए कहें।
पंक्तियों के आधार पर पेशे का नाम पहचानने को कहें।
सही उत्तर देने पर संबंधित पेशे का फ्लैशकार्ड दिखाएं और उस पेशे के बारे में संक्षिप्त चर्चा करें।

2. चित्र से पेशे की पहचान
सामग्री: विभिन्न पेशों के चित्र, कागज, पेंसिल, रंगीन पेंसिल
प्रक्रिया:
विद्यार्थियों को विभिन्न पेशों के चित्र दिखाएं।
प्रत्येक चित्र के आधार पर, विद्यार्थियों से पेशे का नाम और उसके कार्य के बारे में लिखने को कहें।
विद्यार्थियों को चित्रों को रंगीन पेंसिल से सजाने के लिए कहें और उनके कार्यों को कक्षा में प्रदर्शित करें।

3. पेशों की मूक अभिनय गतिविधि

सामग्री: कक्षा में खाली जगह

प्रक्रिया:

विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित करें।

प्रत्येक समूह को एक पेशे की भूमिका निभाने का काम दें, लेकिन बिना बोले।

अन्य विद्यार्थी मूक अभिनय को देखकर पेशे का अनुमान लगाएं।

कविता का वाचन

विद्यार्थियों को कविता का वाचन करने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उनकी पढ़ने की क्षमता और शब्दावली में वृद्धि होगी।

स्पष्टीकरण और उदाहरण

हर गतिविधि के पहले कविता की पंक्तियों का अर्थ और उससे संबंधित पेशे की व्याख्या करें। उदाहरण देकर विद्यार्थियों की समझ बढ़ाएं।

इन गतिविधियों के माध्यम से, विद्यार्थी न केवल कविता के माध्यम से विभिन्न पेशों के बारे में सीखेंगे, बल्कि वे इन पेशों की महत्ता और उनके योगदान के प्रति सम्मान भी विकसित करेंगे।

पृष्ठ संख्या 38 के प्रश्नों के उत्तर लिखकर दें।

पृष्ठ संख्या 39 के घर के चीजों का परिचय करवाएँ ,उन्हें बनाने वालों का नाम लिखवाएँ ।

क्रिया का परिचय करवाएँ ।

पृष्ठ संख्या 40 की गतिविधियाँ करवाएँ ।

3 मानव अंतरिक्ष में

इस इकाई में तीन पाठ भाग है । छात्रों में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि विकसित कराना इस इकाई के पाठ भागों का लक्ष्य है ।

प्रोक्ति - लघु लेख – 1. अजीब है मंगल ग्रह

गतिविधि - लघु लेख का वाचन करके आशय समझना और विश्लेषण करना ।

मंगल ग्रह हमारे सौरमंडल का एक रोचक और रहस्यमय ग्रह है। इस लेख में मंगल ग्रह के अद्‌त तथ्यों और वैज्ञानिक खोजों के बारे में बताया गया है। तीसरी कक्षा के विद्‌यार्थियों के लिए यह विषय उनकी जिज्ञासा को जगाने और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने का उत्तम अवसर प्रदान करता है। इस पुस्तिका में प्रस्तुत की गई गतिविधियाँ सरल, मनोरंजक और शैक्षिक हैं, जो बच्चों को मंगल ग्रह के बारे में अधिक जानने में मदद करेंगी।

प्रक्रिया:

वाचन प्रक्रिया चलाएँ

वैयक्तिक वाचन के बाद चुनिंदे छात्रों से सस्वर वाचन करवाएँ ।

दलों में विचार विनिमय का मौका दें ।

कक्षा को निम्नलिखित प्रक्रियाओं से रोचक बनाने की कोशिश करें ।

1. मंगल ग्रह के तथ्य पहचानना

विद्‌यार्थियों को लेख से मंगल ग्रह के प्रमुख तथ्यों को पढ़ने के लिए कहें।

प्रत्येक तथ्य के अनुसार संबंधित चित्रकार्ड दिखाएं।

बच्चों से पूछें कि वे इन तथ्यों को अपने शब्दों में समझाएं।

सही उत्तर देने पर बच्चों को बिंदु प्रदान करें।

2. मंगल ग्रह का मॉडल बनाना

सामग्री: पेंटेड बॉल (मांगल ग्रह के रंग में), कागज, गोंद, रंगीन कागज, कैंची

प्रक्रिया:

